e-mail:-astha.itawa@gmail.com
कार्यालय प्राचार्य
Ph.: 98284-66262, 94131-28104

# आस्था महाविद्यालय, इटावा

पीपल्दा रोड़, इटावा, जिला–कोटा (राज.)

क्रमांक:–

दिनांक: 08 दिसम्बर 2025

## सूचना

महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में दिनांक 12-18 दिसम्बर 2025 तक खोडावड़ा ग्राम में सात दिवसीय एन.एस.एस. विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक सेवा, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन तथा सामुदायिक दायित्वों के प्रति जागरूकता विकसित करना है। शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, जागरूकता रैली, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं विभिन्न सामाजिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

सभी स्वयंसेवकों एवं इच्छुक विद्यार्थियों से निवेदन है कि वे शिविर में सक्रिय सहभागिता निभाकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

**कार्यक्रम विवरण:**

- 📍 स्थान: खोडावड़ा ग्राम
- 📅 अवधि: 12 दिसम्बर – 18 दिसम्बर 2025
- ⌛ अवधि: 7 दिवस

Principal
Astha Mahavidhyalaya
Itawa Kota (Raj.)

आदेशानुसार

डॉ. कमलेश दायमा
प्राचार्य
आस्था महाविद्यालय, इटावा

# सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर

दिनांक: 12-18 दिसम्बर 2025

आस्था महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में दिनांक 12 दिसम्बर से 18 दिसम्बर 2025 तक खोडावड़ा ग्राम में सात दिवसीय विशेष शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन तथा सामुदायिक दायित्वों के प्रति जागरूकता विकसित करना था। सात दिनों तक स्वयंसेवकों ने ग्राम क्षेत्र में विभिन्न रचनात्मक एवं जनहितकारी गतिविधियों के माध्यम से सक्रिय योगदान दिया।

शिविर का शुभारंभ अध्यक्ष हसन अब्बास पठान एवं प्राचार्य डॉ. कमलेश दायमा द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर प्राचार्य डॉ. कमलेश दायमा ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि NSS शिविर केवल गतिविधियों का आयोजन नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की प्रयोगशाला है। उन्होंने स्वयंसेवकों को सेवा, अनुशासन और समर्पण की भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया तथा ग्राम समाज से सीख लेकर उसे व्यवहार में उतारने पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़ाकर वास्तविक सामाजिक परिस्थितियों से जोड़ते हैं और उनमें जिम्मेदार नागरिकता के गुण विकसित करते हैं।

उद्घाटन सत्र में स्वयंसेवकों को NSS के उद्देश्यों, कार्यपद्धति तथा शिविर की रूपरेखा से अवगत कराया गया। द्वितीय दिन स्वयंसेवकों ने गोद ली गई बस्ती खोडावड़ा में जागरूकता रैली निकाली तथा नारा लेखन के माध्यम से बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या, नशा निषेध और जल संरक्षण जैसे विषयों पर जनचेतना का संदेश दिया।

तृतीय दिन जैविक खेती एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर व्याख्यान आयोजित हुआ, जिसमें प्रगतिशील किसान एवं अधिवक्ता भगवंत सिंह ने रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभाव तथा जैविक खेती के लाभ बताए। स्वयंसेवकों ने पौधों की देखभाल और श्रमदान गतिविधियों में भाग लिया। चतुर्थ दिन कुरीति उन्मूलन अभियान चलाया गया, जिसमें ग्रामीणों को अंधविश्वास, अशिक्षा, नशा और सड़क असुरक्षा के दुष्परिणामों के बारे में समझाया गया।

पंचम दिन स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने मुंसिफ न्यायालय एवं ग्राम न्यायालय परिसर में श्रमदान कर सफाई कार्य किया। न्यायालय परिसर की स्वच्छता एवं वाटिका संवर्धन कार्य की स्थानीय अधिकारियों द्वारा सराहना की गई। शिविर के दौरान स्वास्थ्य जागरूकता, सामुदायिक संवाद और समूह चर्चा जैसी गतिविधियाँ भी निरंतर संचालित की गईं।

सातवें दिन समापन समारोह मीणा जनजाति छात्रावास, खोडावड़ा में आयोजित हुआ। कार्यक्रम प्रभारी श्यामबिहारी नायक ने सात दिवसीय गतिविधियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अध्यक्ष हसन अब्बास पठान ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रहित, मितव्ययता और निरंतर सामाजिक सेवा के लिए प्रेरित किया। प्रमाण-पत्र वितरण एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ शिविर का समापन हुआ।

इस विशेष शिविर से स्वयंसेवकों में सामाजिक संवेदनशीलता और सेवा भावना मजबूत हुई। नेतृत्व, टीमवर्क और संवाद कौशल का विकास हुआ। स्वच्छता, पर्यावरण और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जनजागरूकता बढ़ी। विद्यार्थियों में जिम्मेदार नागरिक बनने का व्यावहारिक अनुभव विकसित हुआ।

## महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यों व उत्तरदायित्व के बारे में बताया



इटावा। आस्था महाविद्यालय इटावा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का शुभारंभ आस्था शोध विकास संस्था बूंदी के अध्यक्ष हसन अब्बास पठान व महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कमलेश दायमा द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉक्टर दायमा ने सभी उपस्थित स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत किए जाने वाले कार्यों व उत्तरदायित्व के बारे में बताया। अध्यक्ष पठान ने सभी स्वयंसेवकों को सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान पूरी निष्ठा व लगन से काम करने की बात कही। कार्यक्रम प्रभारी श्याम बिहारी नायक ने सभी उपस्थित स्वयंसेवकों को सात दिवसीय विशेष शिविर में किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया। इस अवसर पर सुरेंद्र नागर, राकेश मीना व सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## एनएसएस शिविर के तीसरे दिन जैविक खेती पर व्याख्यान



न्यूज सर्विस/नवज्योति, इटावा। आस्था महाविद्यालय इटावा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों को खेती, बागवानी और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े महत्त्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई।

आस्था महाविद्यालय इटावा में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन एडवोकेट एवं किसान भागवंत सिंह ने स्वयंसेवकों को बागवानी और खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में किसान अधिक उपज के लिए रासायनिक उर्वरकों और पेस्टीसाइड का अत्यधिक उपयोग कर रहे हैं, जो स्वास्थ्य और मिट्टी दोनों के लिए हानिकारक है। उन्होंने अधिक से अधिक जैविक खाद अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे शुद्ध अन्न और फल प्राप्त किए जा सकते हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलेश दायमा ने स्वयं सेवकों से प्रकृति को हरा-भरा रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विशेष शिविर के दौरान आने वाले वक्ताओं से अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित कर इसे जीवन में अपनाना चाहिए।

शिविर के दौरान स्वयं सेवकों द्वारा श्रमदान भी किया गया। कार्यक्रम अधिकारी श्याम बिहारी नायक ने स्वयं सेवकों द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। आस्था शोध एवं विकास संस्था बूंदी के अध्यक्ष हसन अब्बास पठान ने सभी का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। सुरेंद्र नागर, राकेश मीना सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

## एनएसएस स्वयं सेवकों ने न्यायालय परिसर में किया श्रमदान



न्यूज सर्विस/नवज्योति, इटावा। नगर स्थित आस्था महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन मंगलवार को स्वयं सेवकों ने गोद ली गई बस्ती खोड़ावदा में स्थित न्यायालय परिसर की वाटिका में श्रमदान कर परिसर को स्वच्छ बनाया। प्राचार्य डॉक्टर कमलेश दायमा ने बताया कि विशेष शिविर के दौरान स्वयंसेवकों को मुंसिफ न्यायालय एवं ग्राम न्यायालय के परिसर में श्रमदान कराया गया। स्वयंसेवकों ने न्यायालय परिसर और वहां स्थित वाटिका की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम प्रभारी श्याम बिहारी नायक ने सभी स्वयं सेवकों के प्रयासों की सराहना की और एनएसएस के उद्देश्यों व गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। सुरेंद्र नागर, राकेश मीना सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## एनएसएस शिविर के चौथे दिन जागरूकता गतिविधियां आयोजित




न्यूज सर्विस/नवज्योति, इटावा। नगर स्थित आस्था महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयं सेवकों ने गोद ली गई बस्ती खोड़ावदा में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

प्रथम सत्र में स्वयं सेवकों ने नारा लेखन के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। इस दौरान बाल विवाह, धूम्रपान, नशा, जल ही जीवन है, सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा नारी व बालिका शिक्षा से संबंधित संदेश लिखे गए। द्वितीय सत्र में स्वयं सेवकों ने रैली निकालकर सामाजिक कुरीतियों और अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम प्रभारी श्याम बिहारी नायक ने बताया कि विद्यार्थियों ने समाज में व्याप्त अंधविश्वास, शिक्षा के महत्व, बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या, पर्यावरण व स्वच्छता, सड़क सुरक्षा, धूम्रपान और नशा जैसी बुराइयों के दुष्परिणामों की जानकारी ग्रामीणों को दी। बृजेश नेनीवाल, सुरेंद्र नागर, राकेश मीना सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन



इटावा. आस्था कॉलेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह गोद ली गई बस्ती खोड़ावदा में मीना जनजाति छात्रावास के प्रांगण में हुआ। अध्यक्षता आस्था शोध विकास संस्था बूंदी के अध्यक्ष हसन अब्बास पठान ने की।

प्राचार्य डॉ. कमलेश दायमा ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से हम सामाजिक सरोकारों से जुड़ते हैं। कार्यक्रम प्रभारी श्यामबिहारी नायक ने शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर स्वयंसेवकों के कार्यों की प्रशंसा की। अध्यक्ष पठान ने स्वयंसेवकों को मितव्ययता का पाठ पढ़ाया। राष्ट्रहित, समाजहित में तत्पर रहने को कहा। डॉ. मोहम्मद उस्मान, डॉ. सुरेशचंद मालव, डॉ. पूरणमल, बुद्धिप्रकाश मीना, मीठालाल मीणा, अंगराज सुमन, हरिओम आर्य, मनमोहन, गिरिराज सुमन, हेमराज मीणा, ममता सामरिया, सुरभि शर्मा, साधना नागर, ललित गोयल, सचिन पंजाबी, सुरेंद्र नागर, सुरेश सुमन और संकाय सदस्य शामिल रहे। संचालन सहायक आचार्य श्यामबिहारी नायक ने किया।

**आस्था महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ**







**"राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में विद्यार्थियों ने नारे और बैनरों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।"**




*1 एनएसएस विशेष शिविर में खुले मैदान में विद्यार्थियों को जागरूकता सत्र के माध्यम से सामाजिक उत्तरदायित्व की जानकारी दी गई*